**अतिआवश्यक / महत्वपूर्ण / पदोन्नति प्रकरण।**

# मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ–1

**टावर–1 / 2, चतुर्थ तल, पुलिस मुख्यालय, शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।**

**संख्याः पॉच–2500(सं0वरि0)2018** **दिनांकःजनवरी 01 ,2021**

## आदेश

उत्तर प्रदेश आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली, 2015(समय–समय पर यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत (अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुए) ज्येष्ठता के आधार पर चयन वर्ष–2017 में उत्पन्न रिक्तियों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पत्रांकः पीआरपीबी–तीन–3(6) / 2019 दिनांकः 29.12.2020 द्वारा प्राप्त चयन परिणाम के अनुसार बोर्ड स्तर पर गठित प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु विचार करने पर यह पाया गया कि कुल 12 कार्मिको के सेवा अभिलेख अपूर्ण तथा वंछित सूचनायें उपलब्ध नहीं होने के कारण उनकी उपयुक्तता के बारे में वस्तुनिष्ठ निर्णय नहीं किया जा सका। ऐसे कार्मिको के लिए रिक्तियों सुरक्षित रखते हुये निर्णय स्थगित किया गया है तथा पूर्ण सेवाभिलेख प्राप्त होने पर इन्हें आगामी विभागीय प्रोन्नति समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उचित निर्णय कराया जाना अपेक्षित है। इस संबंध में 12 कर्मियों के स्थगित प्रकरणों की सूची संलग्न की जा रही है।

2– आरक्षी नागरिक पुलिस के सम्बन्ध में अभिलेख प्राप्त / पूर्ण होने पर इन आरक्षी नागरिक पुलिस के प्रकरण पर प्राधिकृत चयन समिति द्वारा नियमानुसार शीघ्र विचार किया जायेगा एवं उपयुक्त पाये जाने कि दशा में इन्हें अपने कनिष्ठ के पदोन्नति की तिथि से समस्त सेवा का लाभ देय होगा।

3– सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष से अनुरोध है कि वे इस आदेश के साथ संलग्न 12 कर्मियों की सूची से सम्बन्धित आरक्षी के सेवाभिलेख पूर्ण कराकर अद्यावधिक चरित्रपंजिका एवं बोर्ड प्रपत्र–3 में पूर्ण सूचनाएं पुलिस मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें ताकि प्राधिकृत बोर्ड के समक्ष रखकर मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नति के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके।

4– आदेश की प्रति सूची सहित उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है। सम्बन्धित जोनल अपर पुलिस महानिदेशक / परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक / जनपद / इकाई प्रभारी उक्त आदेश की प्रति को अपलोड कर सम्बन्धित कर्मियों के अद्यावधिक सेवाभिलेख एवं सूचनायें पुलिस मुख्यालय, को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः**कुल 12 कार्मिकों के स्थगित प्रकरणों की सूची।

01/01/2021

**(टी0एस0 सिंह)**
पुलिस अधीक्षक, कार्मिक
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को उपरोक्त संदर्भ में कृपया इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ नियुक्त कर्मियों के सेवाभिलेख तत्काल पूर्ण कराकर अद्यावधिक सेवा अभिलेख एवं बोर्ड प्रपत्र–3 (स्वघोषणा पत्र) सहित सूचनायें पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

1– समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष,अजनपदीय शाखा उ0प्र0पुलिस(पीएसी को छोडकर)
2– समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
3– पुलिस आयुक्त, लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर।
4– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश।
5– समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक / प्रभारी जनपद उत्तर प्रदेश।
6– पुलिस अधीक्षक / सहायक निदेशक,कम्प्यूटर,तकनीकी सेवाएं मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ

**संख्या तथा दिनांक वही।**

प्रतिलिपिः 1– अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

उत्तर प्रदेश आरक्षी एंव मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली–2015 (समय–समय पर यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अनुसार (अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुये) ज्येष्ठता के आधार पर चयन वर्ष–2017 में उत्पन्न रिक्तियों के सापेक्ष आरक्षी ना0पु0 से मुख्य आरक्षी ना0पु0 के पद पर पदोन्नति परिणाम को स्थागित किये गये कर्मियों की सूची

| क0सं0 | वरिष्ठता कमांक | पीएनओ सं0 | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि | नियुक्ति स्थान | संस्तुति | स्थगित का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 479 | 812020089 | राम औतार | गौरीशंकर | 08–05–1961 | आगरा | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | आरक्षी दि0 06–10–2010 से लापता है। सेवाभिलेखों के अवलोकन से यह स्पष्ट नहीं है कि आरक्षी के लगभग 10 वर्ष से लापता होने के दृष्टिगत जनपदीय स्तर पर क्या कार्यवाही की गयी है। आरक्षी के सम्बन्ध मे तथ्यात्मक आख्या प्राप्त होने पर इनकी प्रोन्नति के सम्बन्ध में वस्तुनिष्ठ निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। |
| 2 | 2010 | 872461754 | विजय सिह | रमेश चन्द्र | 08.08.1966 | लखनऊ कमिश्नरेट | स्थगित (चयन वर्ष 2016 की सुरक्षित रिक्ति के सापेक्ष) | सेवाभिलेख / बोर्ड प्रपत्र सम्बन्धित जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण। |
| 3 | 2214 | 882460116 | कुमारी सुनीता देवी | जमुना प्रसाद | 02.02.1964 | लखनऊ | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | महिला आरक्षी वर्ष 2013 से लापता है। सेवाभिलेखों के अवलोकन से यह स्पष्ट नहीं है कि इनके लगभग 07 वर्ष से लापता होने के दृष्टिगत जनपदीय स्तर पर क्या कार्यवाही की गयी है। महिला आरक्षी के सम्बन्ध मे तथ्यात्मक आख्या प्राप्त होने पर इनकी प्रोन्नति के सम्बन्ध मे वस्तुनिष्ठ निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। |
| 4 | 3665 | 912237381 | सुखबीर सिंह | नायब सिंह | 20–07–1971 | कानपुर नगर | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | मूल चरित्र पंजीका जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण |
| 5 | 4212 | 942151293 | कमलेश | पंकज | 25–10–1975 | गौतमबुद्ध नगर | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | सेवाभिलेख / बोर्ड प्रपत्र सम्बन्धित जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण। |
| 6 | 4536J | 942691191 | शिवराज | रामेश्वर प्रसाद यादव | 15.05.1974 | ललितपुर | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | मूल चरित्र पंजीका जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण |
| 7 | 5678 | 975060492 | मोती लाल | शीलर | 01.10.1978 | लखनऊ कमिश्नरेट | स्थगित (चयन वर्ष 2016 की सुरक्षित रिक्ति के सापेक्ष) | सेवाभिलेख / बोर्ड प्रपत्र सम्बन्धित जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण। |
| 8 | 17476 | 062463544 | सजय कुमार पाण्डेय | स्व0 धर्मराज पाण्डेय | 01–06–1975 | लखनऊ कमिश्नरेट | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | सेवाभिलेख / बोर्ड प्रपत्र सम्बन्धित जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण। |
| 9 | 17718 | 062811604 | दीपक कुमार | हरिशचन्द्र | 31594 | अयोध्या | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | आरक्षी जनपद औरैया से दिनांक 28–05–10 को स्थानान्तरण पर जनपद आगरा हेतु रवाना होने के पश्चात लगातार अनुपस्थित है। सेवाभिलेखों के अवलोकन से यह स्पष्ट नहीं है कि आरक्षी के लगभग 10 वर्ष से अनुपस्थित होने के दृष्टिगत जनपदीय स्तर पर क्या कार्यवाही की गयी है। आरक्षी के सम्बन्ध में तथ्यात्मक आख्या प्राप्त होने पर इनकी प्रोन्नति के सम्बन्ध में वस्तुनिष्ठ निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। |
| 10 | 18444 | 062660411 | धर्मेन्द्र सिह | नाथू सिंह | 20.05.1985 | कानपुर देहात | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | सेवा अभिलेख व बोर्ड प्रपत्र जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण |
| 11 | 20791 | 062650654 | धर्मेन्द्र कुमार | | | आगरा | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | चरित्र पंजिका एवं बोर्ड प्रपत्र उपलब्ध न कराये जाने के कारण। |
| 12 | 23418 | 062257802 | विनेन्द्र कुमार | – | – | लखनऊ कमिश्नरेट | स्थगित (रिक्ति सुरक्षित) | सेवाभिलेख / बोर्ड प्रपत्र सम्बन्धित जनपद द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण। |